# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 22.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला ,दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश,परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 22.01.2025

### हेरिटेज जोन के 100 मीटर के क्षेत्र में निर्माण को अनुमति नहीं

**वाराणसी।** हेरिटेज जोन के 100 मीटर क्षेत्र में किसी प्रकार के निर्माण को अनुमति नहीं दी जाएगी। इसकी जानकारी मंगलवार को वीडीए में हुई बैठक में दी गई। एएसआई से प्राप्त होने वाले एनओसी के लिए हुई बैठक की अध्यक्षता वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने की। उन्होंने सारनाथ समेत आसपास के प्राचीन बौद्ध स्थलों, संरक्षित स्मारकों व पुरातत्व स्थलों से जुड़े क्षेत्रों में विकास को लेकर चर्चा की गई।

इसमें नगर नियोजक प्रभात कुमार ने एनओसी से जुड़े प्रमुख बिंदुओं को रखा। नगर नियोजक ने बताया कि पिछले वर्ष कुल 63 लोगों ने एनओसी के लिए आवेदन किया था। इनमें 57 लोगों को एनओसी दी गई। हेरिटेज जोन के 100 मीटर के अंदर किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाती। पुरातत्व विभाग ने संरक्षित स्मारकों और उनके आसपास के क्षेत्रों में निर्माण पर प्रतिबंध लगाया है। ब्यूरो

### 7 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से मंगलवार को 7 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करवाई गई। इसके अलावा तीन अवैध निर्माण सील किए गए। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार नगवा वार्ड के करसड़ा में अज्ञात की ओर से 7 बीघे में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। इसे पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया गया। रामनगर वार्ड के डहिया लंका मैदान के पास बृजेश सिंह की ओर से बगैर नक्शा पास कराए निर्माण को सील किया गया। यहीं के पवन कुमार के अवैध निर्माण को सील किया गया। पंकज पांडेय के बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण को सील किया गया। उधर, दशाश्वमेध वार्ड के रामापुरा प्राचीन कुंआ के पास अवैध निर्माण सील किया। ब्यूरो

### वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को अशोक नगर के ब्लॉक ए, ब्लॉक बी और महादेव नगर कॉलोनी के तीन पार्कों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्कों का बाउंड्री वॉल बनाने, फुटपाथ विकसित करने, जल निकासी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिए। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 22.01.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर में बढ़ेंगी सुविधाएं

**वाराणसी।** ट्रांसपोर्ट नगर योजना को लेकर मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों के साथ योजना पर चर्चा की गई। तय किया गया कि भूमिगत इलेक्ट्रिक वायरिंग से ट्रांसपोर्ट नगर को लैस किया जाएगा। यहां सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य ट्रांसपोर्ट नगर योजना को विकसित करना है। ब्यूरो

अमर उजाला–दि0 22.01.2025

## चौड़ीकरण के लिए हटा रहे निर्माण

वाराणसी। रथयात्रा से लक्सा तक की सड़क के चौड़ीकरण का काम मंगलवार से शुरू हो गया। गुरुबाग गुरुद्वारा के सामने निजी स्वामित्व वाली जमीन के निर्माण को हटाया जा रहा है। इस जमीन का इस्तेमाल सड़क चौड़ीकरण में किया जाएगा। दरअसल कैंट से लंका जाने वाले वाहनों को रथयात्रा से गुरुबाग जाने के दौरान काफी दिक्कत होती है। यहां बसंत कन्या इंटर कॉलेज से गुरुद्वारा तक का मार्ग काफी संकरा है। यहां दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसे देखते हुए वीडीए ने यहां की सड़क को चौड़ा करने का जिम्मा उठाया है। रथयात्रा चौराहे पर रोपवे का स्टेशन भी बन गया है। ब्यूरो

अमर उजाला–दि0 22.01.2025

## प्रदेश में लागू किया जाएगा वीडीए का लैंड यूज पोर्टल

वाराणसी। वीडीए का लैंड यूज पोर्टल पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन लखनऊ स्थित कार्यालय में बैठक में प्रस्तुतीकरण के बाद यह निर्णय लिया गया। लैंड यूज पोर्टल वीडीए की ओर से विकसित किया गया है। इससे लोगों को भूमि के उपयोग की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। वाराणसी में लैंड यूज पोर्टल का लाभ अब तक लगभग 10 हजार लोगों ने लिया है। इसकी सराहना करते हुए बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि अन्य जिलों में भी इस तरह के पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। वीडीए से आईटी एक्सपर्ट दिनेश सिंह ने पोर्टल के तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी और इसकी प्रकिया समझाई। उन्होंने इसके फायदे के बारे में भी बताया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि वीडीए के इस पोर्टल से लोगों को काफी सहूलियत हो रही है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 22.01.2025

# माडल ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने में आइआइटी देगा सहयोग

जागरण संवाददाता, वाराणसी: विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किया जा रहा ट्रांसपोर्ट नगर योजना को माडल स्वरूप देने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) बीएचयू विशेष सहयोग देगा।

ट्रांसपोर्ट नगर योजना के विकास कार्य पर मंगलवार को वीडीए और आइआइटी बीएचयू की एक बैठक आयोजित की गई। बीएचयू के विशेषज्ञों के साथ परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), फायर फाइटिंग टैंक, ईटीपी, ओवर हेड टैंक (ओएचटी), रेन वाटर रिचार्जिंग सिस्टम, भूमिगत इलेक्ट्रिक वायरिंग और अन्य आधुनिक सुविधाओं को भौतिक स्वरूप देने पर विचार-विमर्श हुआ।




इन सभी परियोजनाओं को उच्चतम तकनीकी मानकों के साथ विकसित करने का निर्णय लिया गया। मुख्य उद्देश्य ट्रांसपोर्ट नगर योजना को एक सुसंगठित और अत्याधुनिक माडल के रूप में विकसित करना है। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अध्यक्षता की। बैठक में वीडीए के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार और आर्किटेक्ट गोविंद श्रीवास्तव, बीएचयू की टीम की ओर से प्रोफेसर बिंद कुमार और प्रोफेसर प्रभात कुमार ने भाग लिया।

## दैनिक जागरण–दि0 22.01.2025

# रथयात्रा-लक्सा मार्ग पर सड़क विस्तार कार्य शुरू

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण द्वारा रथयात्रा-लक्सा रोड को चौड़ा करने का कार्य मंगलवार को शुरू हो गया। वीडीए की विस्तारीकरण की योजना के तहत गुरुद्वारा के सामने निजी स्वामित्व वाली भूमि पर मौजूदा निर्माण को हटाकर सड़क विस्तार के लिए उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। भवन स्वामी एवं प्राधिकरण के समन्वय से उक्त अत्यधिक संकरे मार्ग पर निर्माण को गिराने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## दैनिक जागरण–दि0 22.01.2025

### वीडीए का लैंडयूज पोर्टल पूरे प्रदेश में होगा लागू

जागरण संवाददाता, वाराणसी: विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित लैंडयूज पोर्टल की कार्यप्रणाली को शासन स्तर पर सराहा गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि इस पोर्टल को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में लाल बहादुर शास्त्री भवन लखनऊ स्थित कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडीए की ओर से विकसित लैंडयूज पोर्टल की प्रस्तुति दी गई। बताया कि लैंडयूज पोर्टल का लाभ अब तक लगभग 10 हजार लोगों द्वारा लिया जा चुका है। इस पहल की सराहना करते हुए बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि अन्य जिलों में भी इस तरह के पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इससे राज्यभर में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ सके। वीडीए से आइटी एक्सपर्ट दिनेश सिंह ने पोर्टल के तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी।

## हिन्दुस्तान–दि0 22.01.2025

### रामापुरा में अवैध निर्माण सील किया

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने रामापुरा में प्राचीन कुएं के पास अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। मानचित्र स्वीकृत कराए बिना निर्माण कराने पर उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धाराओं में नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में पुलिस को निगरानी सौंपी गई थी। लेकिन अवैध निर्माण जारी रहने पर वीडीए ने सील कर दिया। इस दौरान जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रवींद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान–दि0 22.01.2025

## सात बीघा में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की गई

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने मंगलवार को नगवां वार्ड के करसड़ा में सात बीघा में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की। प्लॉटिंग करने वाले लोग बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण करा रहे थे। मौके पर पहुंची टीम का अवैध प्लॉटिंग करा रहे लोगों ने विरोध किया लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद सभी पीछे हट गये। इस मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, जेई आदर्श कुमार निराला समेत अन्य मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान–दि0 22.01.2025

## वीडीए का भू-उपयोग पोर्टल प्रदेश में लागू होगा

वाराणसी। वीडीए की ओर से विकसित भू–उपयोग पोर्टल की विशेषताओं को शासन स्तर पर सराहा गया है। लाल बहादुर शास्त्री भवन लखनऊ में प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक में पोर्टल को प्रदेशभर में लागू करने का निर्णय लिया गया। वीडीए के आईटी एक्सपर्ट दिनेश सिंह ने प्रमुख सचिव के समक्ष पोर्टल के तकनीकी पहलुओं की जानकारी रखी।

हिन्दुस्तान–दि0 22.01.2025

## ट्रांसपोर्ट नगर के लिए विशेषज्ञों में मंथन

वाराणसी। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के तहत मोहनसराय में विकास कार्यों पर मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को बैठक की। आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों से परियोजना पर चर्चा की गई। बैठक में एसटीपी, फायर फाइटिंग टैंक, ईटीपी, ओवर हेड टैंक आदि पर विमर्श हुआ। इसमें आईआईटी बीएचयू के प्रो. बृंद कुमार, प्रो. प्रभात कुमार ने सुझाव दिए। इस मौके पर सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा आदि रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 22.01.2025

# वीडीए ने 7 मकानों को किया सील

नियामताबाद (चंदौली)। बहुमंजिला इमारतों और बिना नक्शा पास कराए हो रहे निर्माण के खिलाफ वाराणसी विकास प्राधिकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को वीडीए टीम ने मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कबीरपुर और डहिया में कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन पांच मंजिला और डहिया में दो मंजिला मकान को सील कर दिया।

वीडीए के जोनल अधिकारी सिंह गौरव, जयप्रकाश और अवर अभियंता अशोक यादव विभागीय टीम के साथ मंगलवार को मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कबीरपुर गांव पहुंचे थे।

## हिन्दुस्तान–दि0 22.01.2025

# तीन पार्कों का सुंदरीकरण कराया जाएगा



वाराणसी। वीडीए प्रशासन अशोक नगर कॉलोनी और महादेव नगर में तीन पार्कों का सौंदर्यीकरण कराएगा। वीडीए की अवस्थापना निधि से स्वीकृत पार्कों का सुंदरीकरण होगा। मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को इन पार्कों के बाउंड्रीवॉल बनाने, फुटपाथ विकसित करने, बच्चों के लिए झूले लगाने, पौधरोपण, जल निकासी प्रबंध करने समेत अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 22.01.2025

## रथयात्रा लक्सा रोड पर सड़क विस्तार कार्य की शुरुआत

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान रथयात्रा लक्शा रोड पर स्थित गुरुद्वारा के सामने निजी स्वामित्व वाली भूमि पर मौजूदा निर्माण को हटाकर सड़क विस्तार के लिए उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। इस क्रम में भवन स्वामी एवं प्राधिकरण के समन्वय से उक्त अत्यधिक सकरे मार्ग पर सड़क विस्तार से प्रभावित भाग के निर्माण को गिराने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस कदम से न केवल क्षेत्रीय यातायात में सुधार होगा, बल्कि सड़क की चौड़ाई बढ़ने से आने-जाने में भी सहूलियत होगी। यह पहल वाराणसी शहर के यातायात और आधारभूत ढांचे के सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## वीडीए उपाध्यक्ष ने पार्कों के सुदृढ़ीकरण का दिया निर्देश



**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को अवस्थापना निधि से स्वीकृत कार्यों के क्रम में अशोक नगर कॉलोनी ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी तथा महादेव नगर कॉलोनी के पार्कों के सुदृढ़ीकरण कराने के क्रम में तीनों पार्कों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने कई निर्देश दिए। पार्कों के बाउंड्री वॉल बनाने, फुटपाथ विकसित करने, बच्चों के लिए झूले लगाने, प्लांटेशन कराने, पानी के लिए सबमर्सिबल लगवाने, जल निकासी के लिए उचित व्यवस्था कराने। इसके साथ ही उपाध्यक्ष द्वारा इसी तरह के अन्य पार्कों को भी चिह्नित कर सुदृढ़ीकरण कराने के लिए निर्देशित किया गया जिससे की अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। मौके पर अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता निर्माण, संबंधित ठेकेदार एवं कॉलोनी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

न्यायाधीश–दि0 22.01.2025

## ए.एस.आई में प्राप्त होने वाले एनओसी के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में ए.एस.आई में प्राप्त होने वाले एनओसी (अनापत्ति प्रमाण-पत्र) के सम्बन्ध मे समीक्षा बैठक की गई। इसमे सारनाथ समेत आसपास के प्राचीन बौद्ध स्थलों, संरक्षित स्मारको व पुरातत्व स्थलों से जुड़े विनियमित क्षेत्रो में नियोजित विकास को लेकर चर्चा की गई। नगर नियोजक प्रभात कुमार ने एनओसी से सम्बंधित प्रमुख बिंदुओं को रखा। इसमें एनएमए (राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण) द्वारा जारी गाइडलाइंस पर मंथन करते हुए ऐसे प्रतिबंधित इलाके में नियोजित विकास के लिए नियमों के तहत कई दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का उद्देश्य रहा कि सम्बंधित क्षेत्र मे नियोजित विकास के लिए आवेदकों को सहूलियत मिल सके। नगर नियोजक ने अवगत कराया कि पिछले वर्ष कुल 63 लोगों ने एनओसी के लिए आवेदन किया था जिसमे 57 लोगों को एनओसी दी गई। उल्लेखनीय है कि हेरिटेज जोन के 100 मीटर के अंदर किसी भी प्रकार की अनुमति नही दी जाती। स्पष्ट कर दें कि पुरातत्व विभाग ने संरक्षित स्मारकों और उनके आसपास के क्षेत्रो मे निर्माण पर प्रतिबंध लगाया है। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्य विभागीय अनुमोदन और डिजाइन के तहत ही किए जाएंगे। सारनाथ का प्राचीन बौद्ध स्थल समेत अन्य कई क्षेत्र अपने ऐतिहासिक महत्व और संरक्षित स्मारकों के लिए जाना जाता है। इनमे निमनलिखित शामिल है:धमेख स्तूफ जगत सिंह का स्तूफ मेजर किट्टो का मठ 4-904-05 मे श्री ओरताल द्वारा खुदाई किए गए स्मारक चौखंडी स्तूपः यह प्राचीन बौद्ध स्थल वाराणसी के बरईपुर और गंज क्षेत्र में स्थित है। लाल खान का मकबरा (राजघाट): यह ऐतिहासिक स्थल 1912 मे संरक्षित घोषित किया गया। चंद्रवती किला अवशेषः गंगा के बाएं किनारे पर स्थित इस विशाल ईंट किले के अवशेष 1920 मे संरक्षित घोषित किए गए। मान सिंह वेधशालाः यह ऐतिहासिक स्थल वाराणसी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पहलादपुर मोनोलिथ स्तंभः यह स्तंभ सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में स्थित है। शिवाला मे यूरोपीय अधिकारियों की क़ब्रः यह स्थल अस्सीघाट रोड पर स्थित है। बैठक के दौरान प्रोग्रामर दिनेश सिंह, जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, पीयूष श्रीवास्तव व शिवांगी सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित लैंडयूज़ पोर्टल की सराहना

वाराणसी। प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता मे श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष मे एक महत्वपूर्ण बैठक 18 जनवारी को आयोजित की गई। इस बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित लैंडयूज़ पोर्टल की प्रस्तुति दी गई। बैठक मे पोर्टल की कार्यप्रणाली को सराहा गया और यह निणय लिया गया कि इस पोर्टल को पूरे प्रदेश में लागू किया जाए ताकि नागरिकों को भूमि उपयोग की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। लैंडयूज़ पोर्टल का लाभ अब तक लगभग 10 हजार लोगों द्वारा लिया जा चुका है। इस पहल की सराहना करते हुए, बैठक मे यह भी सुझाव दिया गया कि अन्य जिलों मे भी इस तरह के पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे राज्यभर मे पारदर्शिता और सुविधा बढ़ सके।

परफेक्ट मिशन–दि0 22.01.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना के विकास कार्यों को लेकर वीडीए में हुई बैठक

❑ ट्रांसपोर्ट नगर योजना के माध्यम से वाराणसी में बुनियादी ढांचे का होगा विकास : पुलकित गर्ग

परफेक्ट मिशन



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के विकास कार्यों के संदर्भ में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई । इसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई0आई0टी0) बीएचयू के विशेषज्ञों के साथ परियोजना की योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), फायर फाइटिंग टैंक, ईटीपी, ओवर हेड टैंक (ओएचटी), रेन वाटर रिचार्जिंग सिस्टम, भूमिगत इलेक्ट्रिक वायरिंग, और अन्य सुविधाओं को भौतिक स्वरूप देने पर विचार-विमर्श हुआ। इन सभी परियोजनाओं को उच्चतम तकनीकी मानकों के साथ विकसित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वी.डी.ए. की ओर से सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, और आर्किटेक्ट गोविंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। आईटी बीएचयू की टीम की ओर से प्रोफेसर बिंद कुमार और प्रोफेसर प्रभात कुमार ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ट्रांसपोर्ट नगर योजना को एक सुसंगठित और अत्याधुनिक मॉडल के रूप में विकसित करना है, इसमें जल संरक्षण के लिए रेन वाटर रिचार्जिंग सिस्टम, अग्नि सुरक्षा के लिए फायर फाइटिंग टैंक और पर्यावरण अनुकूल हेतु सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना प्राथमिकता के रूप में तय की गई है। साथ ही, परियोजना के तहत भूमिगत इलेक्ट्रिक वायरिंग की योजना भी शामिल है, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुरक्षित और आधुनिक होगी। उपाध्यक्ष ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना के माध्यम से वाराणसी में बुनियादी ढांचे का विकास होगा और यह क्षेत्र औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। आई0आई0टी0 बीएचयू के विशेषज्ञों ने परियोजना की तकनीकी और संरचनात्मक पहलुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।